Moneywise. Be wise.

# दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (कृषि) 05 दिसम्बर 2018

## मसाले

| कॉन्ट्रैक्ट | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इलायची (दिसम्बर) | 14-दिसम्बर-18 | 1449.10 | तेजी | 07.11.18 | 1477.30 | 1440.00 |
| इलायची (जनवरी) | 15-जनवरी-19 | 1475.60 | साइडवेज | 15.11.18 | 1500.00 | - |
| धनिया (दिसम्बर) | 20-दिसम्बर-18 | 6781.00 | तेजी | 04.12.18 | 6781.00 | 6400.00 |
| धनिया (जनवरी) | 18-जनवरी-19 | 6747.00 | तेजी | 04.12.18 | 6747.00 | 6500.00 |
| जीरा (दिसम्बर) | 20-दिसम्बर-18 | 18715.00 | मंदी | 14.11.18 | 20020.00 | **19600.00** |
| जीरा (जनवरी) | 18-जनवरी-19 | 19005.00 | मंदी | 14.11.18 | 19690.00 | **19800.00** |
| हल्दी (दिसम्बर) | 20-दिसम्बर-18 | 6426.00 | तेजी | 30.11.18 | 6502.00 | 6405.00 |
| हल्दी (जनवरी) | 18-जनवरी-19 | 6728.00 | तेजी | 30.11.18 | 6642.00 | 6320.00 |

## तिलहन

| कॉन्ट्रैक्ट | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव की दर | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सीपीओ (दिसम्बर) | 31-दिसम्बर-18 | 491.60 | मंदी | 26.10.18 | 567.20 | 505.00 |
| सीपीओ (जनवरी) | 31-जनवरी-19 | 497.20 | मंदी | 26.10.18 | 568.20 | 510.00 |
| रिफाइंड सोयातेल(दिसम्बर) | 20-दिसम्बर-18 | 734.90 | मंदी | 26.11.18 | 716.20 | 735.00 |
| रिफाइंड सोयातेल(जनवरी) | 18-जनवरी-19 | 730.20 | मंदी | 26.11.18 | 714.60 | 735.00 |
| आर एम सीड(दिसम्बर) | 20-दिसम्बर-18 | 3968.00 | मंदी | 20.11.18 | 4080.00 | 4140.00 |
| आर एम सीड(जनवरी) | 18-जनवरी-19 | 4012.00 | मंदी | 01.10.18 | 4209.00 | 4180.00 |
| सोयाबीन( दिसम्बर) | 20-दिसम्बर-18 | 3315.00 | मंदी | 04.12.18 | 3315.00 | 3420.00 |
| सोयाबीन (अप्रैल) | 16-अप्रैल-19 | 3362.00 | मंदी | 04.12.18 | 3362.00 | 3460.00 |

## अन्य कमोडिटीज

| कॉन्ट्रैक्ट | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव की दर | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कैस्टरसीड(दिसम्बर) | 20-दिसम्बर-18 | 5692.00 | तेजी | 04.12.18 | 5692.00 | 5400.00 |
| कैस्टरसीड(जनवरी) | 18-जनवरी-19 | 5756.00 | तेजी | 04.12.18 | 5756.00 | 5500.00 |
| कॉटनऑयलसीडकेक(दिसम्बर) | 20-दिसम्बर-18 | 1874.50 | मंदी | 20.11.18 | 1930.50 | 1980.00 |
| कॉटनऑयलसीडकेक(जनवरी) | 18-जनवरी-19 | 1888.50 | मंदी | 20.11.18 | 1942.00 | 1990.00 |
| ग्वारसीड( दिसम्बर) | 20-दिसम्बर-18 | 4388.00 | मंदी | 19.11.18 | 4515.00 | 4450.00 |
| ग्वारसीड(जनवरी) | 18-जनवरी-19 | 4451.00 | मंदी | 19.11.18 | 4492.00 | 4500.00 |
| मेंथा तेल(दिसम्बर) | 31-दिसम्बर-18 | 1610.90 | मंदी | 19.11.18 | 1742.20 | **1680.00** |
| मेंथा तेल(जनवरी) | 31-जनवरी-19 | 1626.60 | मंदी | 19.11.18 | 1724.60 | **1690.00** |

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

| कमोडिटीज | सीान | बंद भाव | पिछला बंद भाव | % अंतर |
|---|---|---|---|---|
| इलायची | वंदनमेन्दू | 1415.00 | 1411.90 | 0.22 |
| धनिया | कोटा | 6390.65 | 6390.65 | 0.00 |
| जीरा | ऊंझा | 19403.40 | 19324.10 | 0.41 |
| हल्दी | निजामाबाद | 7069.05 | 7060.40 | 0.12 |

| कमोडिटीज | स्थान | बंद भाव | पिछला बंद भाव | % अंतर |
|---|---|---|---|---|
| सीपीओ | कांडला | 576.50 | 565.00 | 2.04 |
| आरएम सीड | जयपुर | 4170.90 | 4175.25 | -0.10 |
| रिफाइंड सोयातेल | मुंबई | 724.55 | 725.60 | -0.14 |
| सोयाबीन | इंदौर | 3423.00 | 3428.00 | -0.15 |

| कमोडिटीज | स्थान | बंद भाव | पिछला बंद भाव | % अंतर |
|---|---|---|---|---|
| ग्वारगम | जोधपुर | 8877.10 | 8828.80 | 0.55 |
| कॉटनऑयलसीडकेक | अकोला | 1900.00 | 1917.20 | -0.90 |
| कॉटन | कड़ी | 21273.90 | 21297.80 | -0.11 |
| ग्वारसीड | जोधपुर | 4400.00 | 4397.10 | 0.07 |
| चीनी एम | कोल्हापुर | 3238.10 | 3242.85 | -0.15 |
| गेहूं | दिल्ली | 2074.15 | 2073.50 | 0.03 |

## कृषि कमोडिटीज आउटलुक

### मसाले

हाजिर बाजारों में नरमी के रूझान पर हल्दी वायदा (अप्रैल) की कीमतों को 6780 रू के स्तर पर रेजिस्टेंस रहने की संभावना है और कीमतों की बढ़त पर रोक लग सकती है। खराब क्वालिटी की आवक के कारण हाजिर बाजारों में हल्दी की कीमतों में गिरावट हुई है। इरोद टर्मरिक मर्चेन्ट्स एसोसिएशन सेल्स यार्ड में फिंगर वेरायटी की कीमतें 5607-8119 रू/क्विंटल और रूट वेरायटी की कीमतें 5051-6869 रू/क्विंटल के दायरे में कारोबार कर रही हैं। रेगुलेटेड मार्केट कमिटी में फिंगर वेरायटी की कीमतें 6677-7700 रू/क्विंटल और रूट वेरायटी की कीमतें 6089-7139 रू/क्विंटल के दायरे में हैं। जीरा वायदा(दिसम्बर) की कीमतें 18600-18500 के सपोर्ट स्तर से नीचे टूट सकती है और 18300-18200 रू तक लुढ़क सकती हैं। हाजिर बाजारों में कम खरीददारी के कारण हाल ही में जीरे की कीमतों में नरमी देखी जा रही है। खरीददार नयी फसल की आवक का इंतजार कर रहे है और फिलहाल खरीददारी कम कर रहे हैं। जीरे की बुआई दिसम्बर के अंत तक होगी और नयी फसल की आवक फरवरी के अंत में शुरू होगी । गुजरात में 26 नवम्बर तक जीरे की कुल बुआई 122200 हेक्टेयर में हो चुकी है जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 36% कम है। धनिया वायदा(दिसम्बर) की कीमतों को 6815 के स्तर पर रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ सकता है लेकिन यदि कीमतें इस स्तर को पार करती है तो 6900 रू तक बढ़त दर्ज की जा सकती है। चना और गेहूं जैसी फसलों से कड़ी टक्कर मिलने के कारण 26 नवम्बर तक धनिया की बुआई वर्ष-दर-वर्ष लगभग 79% कम होकर 8500 हेक्टेयर रह गई है। राजस्थान एवं गुजरात में सूखे की स्थिति के कारण मिट्टी में नमी के अभाव से इस वर्ष बुआई में कमी हुई है। दूसरी ओर बुल्गारिया, रूस और रोमानिया में धनिया की फसल के नुकसान होने के कारण विश्व बाजार में भारत एकमात्र सप्लायर बन गया है।

### तिलहन और खाद्य तेल

सोयाबीन वायदा(दिसम्बर) की कीमतों के नरमी के रूझान के साथ 3300-3290 रू तक लुढ़कने की संभावना है। बेंचमार्क इंदौर बाजार में सोयाबीन की कीमतें 50 रू की गिरावट के साथ 3100-3200 रू/100 किग्रा हो गई हैं और सोयामील की कीमत भी 300 रू की गिरावट के साथ 27500 रू/टन हो गई हैं। अमेरिका और चीन के बीच विवाद के बावजूद चीन द्वारा भारत से सोयामील का आयात नही किए जाने से सोयाबीन की कीमतों पर दबाव पड़ रहा है। अमेरिका और चीन के बीच विवाद के लंबा चलने की आशंका से अमेरिकी सोयाबीन की कीमतों में भी गिरावट हुई है। सरसों वायदा(दिसम्बर) की कीमतों 3980-4040 रू के दायरे में साइडवेज कारोबार करने की संभावना है और कीमतों की बढ़त पर रोक लगी रह सकती है। चीन की ओर से सरसोमील के आयात को लेकर कोई नया करार नही किए जाने के कारण सरसें की पेराई में गिरावट हुई है। चीन ने अक्टूबर में भारतीय सरसोमील के आयात को मंजूरी दी थी । अधिक कीमतों पर सरसों तेल की कम मांग के बीच मौजूदा रबी सीजन में बुआई में तेजी के कारण सेंटीमेंट उत्साहजनक नही है। सीपीओ(दिसम्बर) वायदा कीमतों के 483-495 रू के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। इंडोनेशिया ने कच्चे पॉम तेल के निर्यात पर लेवी को 50 डॉलर/टन से कम करके शून्य करने का फैसला किया है। इस फैसले से अंतरराष्ट्रीय बाजार में मलेशियन पॉम ऑयल की कीमतों पर दबाव बना रह सकता है।

### अन्य कमोडिटीज

कॉटन वायदा (दिसम्बर) की कीमतों के 21750-22100 रू के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। अधिक कीमतों पर खरीददारों की सतर्कता के कारण पंजाब, हरियाणा और ऊपरी राजस्थान के बाजारों में कपास की कीमतों में स्थिरता है। कच्चे कपास की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद धागा मिलों की ओर से खरीददारी कम हो गई है जबकि धागा की मांग भी कम हो गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कपास वायदा की कीमतो में नरमी देखी जा रही है। इसबीच पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बुश के निधन के बाद नेशनल डे अवकाश के कारण कपास के साप्ताहिक निर्यात के आंकड़े जारी करने में यूएसडीए देरी कर सकता है। ग्वारसीड वायदा(दिसम्बर) की कीमतों के 4410 रू के स्तर पर सपोर्ट के साथ साइडवेज कारोबार करने की संभावना है जबकि ग्वारगम वायदा(दिसम्बर) की कीमतों के 8750 के ऊपर स्थिर रहने की संभावना है। ग्वारगम की निर्यात मांग कम है। लेकिन कच्चे तेल की कीमतो में रिकवरी के बाद कुछ पेराई मिलें ग्वारसीड की खरीददारी करने लगी है। चना वायदा (जनवरी) की कीमतों में नरमी का रूझान रहने की संभावना है और कीमतें 4600-4550 रू तक लुढ़क सकती हैं। चना दाल और बेसन की कम बिक्री के बाद मिलों की ओर से चना की कम खरीददारी के कारण कल देश के प्रमुख हाजिर बाजारों में चना की कीमतों में गिरावट हुई है। नॉफेड द्वारा मौजूदा कीमतों पर स्टॉक बेचने से कीमतों पर दबाव पड़ रहा है। मुंबई और मुद्रा बंदरगाह पर आस्ट्रेलियाई चने की कीमतें 50 रू की गिरावट के साथ 4600 और 4650 रू/100 किग्रा हो गई हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| वंदना भारती | एवीपी कमोडिटी रिसर्च | फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 625 | **vandanabharti@smcindiaonline.com** |
| सुब्रोनिल डे | सीनियर रिसर्च एनॉलिस्ट | फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 674 | **subhranildey@smcindiaonline.com** |
| शिवानन्द उपाध्याय | रिसर्च एसोसिएट | फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 646 | **shivanand@smcindiaonline.com** |

**आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com**

Moneywise. Be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हें सत्य माना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।